# कार्यालय कलेक्टर जिला बस्तर जगदलपुर (छ0ग0)

क्रमांक/3498/जि0पं0/अधी/स्था0/2021–2022, जगदलपुर दिनांक 14/06/2021

छ0ग0 शासन खनिज साधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के पत्र कमांक एफ 7–34/2016XII दिनांक 11 जुलाई 2016 एवं पत्र कमांक एफ 7–34/2016XII/(क) दिनांक 27 जनवरी 2018 में निहित निर्देशानुसार डीएमएफटी योजनान्तर्गत नीचे दर्शित स्वीकृत पदों पर संविदा नियुक्ति बावत् निर्धारित प्रारुप में कम्प्युटर/टाईपराईटर अंकित अथवा स्पष्ट अक्षरों में हाथ से भरा हुआ आवेदन पत्र केवल रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, बस्तर जिला, जगदलपुर (छ0ग0) के पते पर निर्धारित अंतिम तिथि 07/07/2021 तक आमंत्रित किये जाते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा।

| कमांक | पद का नाम | कुल रिक्त पदों की संख्या | अनारक्षित | अनुसूचित जनजाति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विकास सहायक (संविदा) | 2 | मुक्त–01 | दिव्यांग–01 |
| 2 | सहायक ग्रेड–03 (संविदा) | 1 | | मुक्त–01 |
| योग | | 3 | 1 | 2 |

**<u>विकास सहायक/सहायक ग्रेड–03 (संविदा) पद के लिये अनुसूचित जनजाति दिव्यांग के अभ्यर्थी नही मिलने की स्थिति में प्राथमिकता के आधार पर उसी वर्ग के उम्मीदवार का चयन किया जावेगा।</u>**

**(1) विकास सहायक (संविदा)– अनिवार्य अर्हता–** 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री न्यूनतम 50 प्रतिशत प्राप्तांक के साथ उत्तीर्ण। मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रबंधन (management) में स्नातकोत्तर उपाधि/डिप्लोमा।

मासिक संविदा वेतन रूपये 75000/– एक मुश्त

विकास सहायक संविदा (संविदा) पद के चयन हेतु :– उम्मीदवारों के न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंकों का Weightage देते हुये 60 अंक, साक्षात्कार के लिये 20 अंक एवं केन्द्र /राज्य/जिला स्तर के किसी परियोजना में प्रबंधन कार्य का अनुभव को प्राथमिकता दी जावेगी। अनुभव पर अधिकतम 20 अंक (प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिये 04 अंक निर्धारित) के आधार पर मेरिट सूची तैयार किया जावेगा।

**(2) सहायक ग्रेड–03 (संविदा)– अनिवार्य अर्हता–** 1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत प्राप्तांक के साथ उत्तीर्ण। मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्युटर में हिन्दी/अंग्रेजी का 5000 डिप्रेशन प्रति घंटा की गति का प्रमाण पत्र अनिवार्य है।

मासिक संविदा वेतन रूपये 14200/– एक मुश्त

**सहायक ग्रेड–03 (संविदा) पद के चयन हेतु** :– उम्मीदवारों के हायर सेकेण्ड्री परीक्षा के प्राप्त अंका का 60 प्रतिशत अंक एवं कौशल परीक्षा हेतु अधिकतम 30 अंक तथा कार्यानुभव में अधिकतम 10 अंक (प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिये 02 अंक) के आधार पर मेरिट सूची तैयार किया जावेगा।

**सामान्य अर्हता एवं शर्तें:–**

आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का पता– आवेदक अपना आवेदन पत्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बस्तर जिला जगदलपुर (छ0ग0) के पद नाम से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित कर सकते है। अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। दिव्यांग उम्मीदवार नहीं मिलने की स्थिति में प्राथमिकता के आधार पर उसी प्रवर्ग के उम्मीदवारों से रिक्त पदों की पूर्ति की जावेगी।

1. संविदा नियुक्ति छ0ग0 शासन द्वारा जारी संविदा नियुक्ति नियम 2012 में निहित शर्तो के अधीन होगी।
2. शासन से प्राप्त निर्देशों के आधार पर मासिक संविदा वेतन देय होगा।
3. सरल क्रमांक 01 में उल्लेखित पद के लिये ईच्छुक एवं योग्यताधारी भारत के निवासी से एवं सरल क्रमांक 02 में उल्लेखित पद के लिये बस्तर जिले के स्थानीय मूलनिवासी ही आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है
4. व्यक्तिगत रुप से सीधी प्रस्तुत आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
5. कोई उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।

6. कोई भी पुरुष अभ्यर्थी जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हो और कोई महिला अभ्यर्थी जिसमें ऐसे पुरुष से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पत्नी जीवित हो किसी सेवा या पद में नियुक्ति हेतु पात्र नहींहोगा/होगी।

7. आरक्षित वर्ग के पदों के लिये संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

8. उम्मीदवारों को जिला पंचायत द्वारा निर्धारित प्रारुप में आवेदन पत्र प्रस्तुत करता होगा।

9. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक अर्हता एवं योग्यता संबंधी सम्पूर्ण प्रमाण पत्रों की राजपत्रित अधिकारी या स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।

10. आवेदक लिफाफा के उपर पदनाम अंकित किया जावें।

11. आवेदक अपना आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा, पिन कोड सहित दो लिफाफा भी संलग्न करेंगेजिसमें से एक लिफाफा 41/- रुपये मूल्य का टिकट एवं एक लिफाफा में 41/- रुपये मूल्य का टिकट चस्पा करेंगे। उपरोक्तानुसार दो लिफाफे के बिना आवेदकों को कौशल परीक्षा की सूचना नहीं दी जावेगी। जिसके लिये आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा।

12. पदभार ग्रहण या अन्य यात्रा पर कोई यात्रा भत्ता एवं अन्य भत्ते की पात्रता नहीं होगी।

13. अस्पष्ट, त्रुटिपूर्ण, बिना फोटो के अहस्ताक्षरित, पेंसिल से भरे या निर्धारित प्रारुप से पृथक प्रारुप में जमा किये गये आवेदन निरस्त किये जावेंगें। और इसके संबंध में कोई पत्राचार मान्य नहीं होगा।उपरोक्त वांछित योग्यता न रखने वाले उम्मीदवार कृपया आवेदन न करे।

14. आवेदन पत्र पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा विलम्ब से प्राप्त होने की स्थिति में इस कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

15. यह नियुक्ति सामान्यतः 03 वर्ष के लिये होगी।

16. रिक्त पदों की संख्या घट-बढ़ सकती है। जिसके लिये कलेक्टर जिला बस्तर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

17. प्रावीण्य सूची का प्रकाशन (दावा आपत्ति हेतु) जिला पंचायत के सूचना पटल में चस्पा की जावेगी।

18. चयन प्रकिया के किसी भी स्तर पर आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर उनके आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी जिसके लिये आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

19. शासकीय /अर्द्धशासकीय अथवा निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को अपना आवेदन पत्र उन संस्थाओं के नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा व पूर्व संस्था की नियुक्ति पत्र, वेतन (पे-स्लिप) सहित प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नही होगा।

20. किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में कदाचरण के आरोप में हटाये गये, ब्लैक लिस्टेड अथवा कार्य सक्षमता पूर्वक नही करने के कारण सेवा वृद्धि नही किये गये व्यक्ति/अभ्यर्थी चयन के पात्र नही होंगे।

21. किसी भी विवाद की स्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। आवेदन पत्र का प्रारुप कार्यालयीन समय पर जिला पंचायत बस्तर के सूचना पटल पर या www.bastar.gov.in पद देखी जा सकती है।

कलेक्टर
जिला बस्तर

## जिला खनिज संस्थान न्यास (DMFT) योजनान्तर्गत जिला पंचायत बस्तर द्वारा विज्ञप्ति संविदा पदों के लिये आवेदन पत्र वर्ष 2021–22

आवेदक नवीनतम पासपोर्ट फोटो चस्पा करें।

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत बस्तर
जगदलपुर

आवेदित पद का नाम :–............................................................................................

1 आवेदक का पूरा नाम : ...........................................................................................

2 पिता/पति का नाम : ...........................................................................................

3 जाति (अना0/अपिव/अजा/अजजा) : ..........................................लिंग :– महिला/पुरूष.......................

4 जन्म तिथि : ................./...................../.....................

5 दिनांक 01/01/2021 को आयु : दिन........../माह............./वर्ष.............

6 क्या आप विकलांग है। यदि हॉ तो विकलांगता का प्रकार (अस्थि/दृष्टि / बधिर) एवं प्रतिशत लिखें। : हॉ/नही (..............) प्रकार (....................) प्रतिशत (..........)

7 आवेदक का वर्तमान पता (निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।) : ...........................................................................................
...........................................................................................
...........................................................................................

8 आवेदक का स्थायी पता ((निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।) : ...........................................................................................
...........................................................................................
...........................................................................................

9 रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र : ...........................................................................................

10 **शैक्षणिक योग्यताः–**

| क्र0 | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि0वि0 का नाम | वर्ष | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |
| 5 | | | | | |
| 6 | | | | | |
| 7 | | | | | |
| 8 | | | | | |

11 क्या आवेदक भू0सैनिक है? हॉ/नही : ..................................................
(यदि हां तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।

**12 अनुभवः–**

| क्रमांक | संस्था का नाम | पद का नाम | अवधि (कब से कब तक) |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

टीपः– यदि वर्तमान में कॉलम नं 12 में दर्शित पदों पर कार्यरत है, तो नियुक्तिकर्ता अधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अनुभव का लाभ लेने के लिये नियुक्ति आदेश की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में अनुभव का लाभ दिया जाना संभव नही होगा।

**संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | |
| 3 | | 4 | |
| 5 | | 6 | |
| 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | |

(कुल सहपत्रों की संख्या ..................)

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

## //घोषणा//

मैं एतद् घोषणा करता /करती हूं कि मेरे द्वारा दिया गया उपर्युक्त विवरण सही है। यदि उपर्युक्त विवरण का कोई अंश असत्य पाया जाता है तो नियुक्ति के पश्चात् भी सक्षम अधिकारी द्वारा मेरे सेवा समाप्त किये जाने अथवा किसी भी दण्ड जो वह उचित समझे के लिये मैं उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी।

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर